# महाशिवरात्रि पर निकली शिव बारातें, जमकर नाचे बाराती

## कई जगह निकलीं शिव बारातें

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्र में कई जगह शिव बारात भी निकाली गई. जिसमें शिवगण बाराती बनकर जमकर नाचे. शहर में शिव बारात शिव मंदिर हाजीपुर से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए सोमनाथ मंदिर कठाली बाजार पर पहुंची. शिव बारात में आकर्षक बैंडबाजे शामिल थे. शिव बारात का जगह जगह स्वागत किया गया. वही बाबा विश्वनाथ धाम देवपुर में भी शिव बारात निकाली गई. जो मंदिर परिसर से होकर ग्राम के मुख्य मार्ग से होते हुए वापस बाबा विश्वनाथ के मंदिर परिसर में पहुंची. बारात का ग्रामवासियों ने जगह-जगह स्वागत किया. इसके उपरांत वरमाला संपन्न हुई. इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे.

### खास बातें

- दिनभर गूंजे हर हर महादेव के जयकारे
- मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

नवभारत न्यूज

**विदिशा/सिरोंज 15 फरवरी, महाशिवरात्रि पर्व पर क्षेत्र में जगह-जगह भव्य शिव बारातें निकाली गई. जिसमें शिवगण बाराती बनकर जमकर नाचे. इस दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भंडारे का आयोजन भी किया गया. वही जगह भजन संध्या भी हुई.सुबह से लोग माधव गंज स्थित शिवालय,जटा शंकर, बेतवा तट स्थित चरणतीर्थ मंदिर के साथ बंगला घाट पर बनाये गये केदारनाथ के स्वरूप को देखने दिनभर लोगों की भीड़ उमड़ती रही.**

महाशिवरात्रि पर्व पर रविवार को सुबह से लेकर देर रात तक क्षेत्र के शिव मंदिरों में आस्था का जनसैलाब दिखा. इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान महादेव की पूजा, अर्चना एवं अभिषेक किया. वही मंदिरों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ ही महाप्रसादी का वितरण किया गया. इस दौरान

### नीलकंठेश्वर मंदिर में व्यवस्थाओं का अपर कलेक्टर ने जायजा लिया

अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने आज बासौदा तहसील के उदयपुर स्थित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर परिसर में पहुंचकर श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंदिर परिसर, दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं एवं साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया.अपर कलेक्टर श्री डामोर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं. उन्होंने विशेष रूप से साफ-सफाई बनाए रखने, पेयजल की समुचित उपलब्धता तथा भीड़ प्रबंधन के लिए आवश्यक इंतजाम में किसी भी प्रकार का व्यवधान ना हो पाए.निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए हेल्थ कैंप, पुलिस बल की तैनाती तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी उनके द्वारा जानकारी प्राप्त की गई है.उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना हो पाएं.इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी एवं स्थानीय प्रशासनिक अमला उपस्थित रहा. प्रशासन द्वारा मेले एवं मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए समुचित एवं सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है जिसका जायजा लिया गया है.

### पठारी में भजन संध्या कार्यक्रम एवं सुंदरकांड पाठ आयोजन

प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां की गई थी इसी के पठारी तहसील क्षेत्र सहित स्थानीय मंदिरों एवं शिवालयों में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी भव्य भजन संध्या एवं सुंदरकांड पाठ सहित धार्मिक कार्यक्रम एवं अनुष्ठान का आयोजन किया गया. श्रद्धालुओं द्वारा शिव मंदिरों में सुबह रविवार 5 बजे से शिव मंदिर परिसरो में संगीतमय सुंदरकांड एवं पूजा अर्चना अनुष्ठानों का आयोजन किया गया जो शाम चलता रहा .

कई मंदिरों में दिनभर भजन, कीर्तनों का दौर जारी रहा. महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शिव मंदिरों में विशेष साज सज्जा की गई थी. वही पवित्र तीर्थक्षेत्र ग्राम देवपुर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुँचकर भगवान विश्वनाथ जी की पूजा, अर्चना की. इस मौके पर श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में स्थित पवित्र कुंड के जल से स्नान कर भगवान विश्वनाथ की पूजा, अर्चना कर अभिषेक किया. श्रद्धालुओं के देवपुर पहुँचने का क्रम सुबह से ही

### गंजबासौदा में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया

गंजबासौदा के उदयपुर में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी.भारत-पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच को लेकर श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ से जीत की. प्रार्थना की हवन पूजन किया मंदिरों में जयकारे गूंजते रहे.उदयपुर में मंदिर की परिक्रमा करते रहे.श्रद्धालु पूरा उदयपुर भगवान भोलेनाथ की भक्ति में डूबा हुआ था.पुलिस प्रशासन की कड़ी व्यवस्था के चलते श्रद्धालु लाइन से भगवान भोलेनाथ के मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं के लिए भंडारा भी रखा गया तथा पीने के पानी की व्यवस्था भी सराहनीय रही.उदयपुर में पहुंचे श्रद्धालुओं ने अन्य मंदिरों में भी पहुंचकर धर्म लाभ लिया. इसके साथ श्रद्धालु गमाखर स्वयंभू भगवान भोलेनाथ मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी पहाड़ी स्थित मंदिर पर बुजुर्ग बच्चे पूरे उत्साह के साथ बम बम भोले भोले के नारे लगाते हुए पहुंचे.अनेक श्रद्धालु धार्मिक स्थलों पर पेड़ भरकर पहुंचे.अपनी मनोकामना पूरी करने.इसके साथ गंजबासौदा नगर के शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़भाड़ बनी रही पूजा अर्चना होती रही महाशिवरात्रि के पर्व पर भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच को लेकर युवा श्रद्धालुओं में जीत के लिए मंदिरों में जयकारे लगाए गए और भगवान भोलेनाथ से भारत की जीत की कामना की गांव-गांव में भगवान भोलेनाथ के महापर्व महाशिवरात्रि पर धार्मिक आयोजन चलते रहे.

प्रारंभ हो गया था. जो दिनभर जारी रहा. कई श्रद्धालु पैदल तो कई श्रद्धालु वाहनों के माध्यम से देवपुर पहुँचते दिखाई दिए. नगर के जटाशंकर मंदिर, नीलकंठेश्वर मंदिर, नागेश्वर मंदिर, भूतेश्वर मंदिर, कार्तिक घाट मंदिर, पंचकुईयां मंदिर, सोमनाथ मंदिर, बाबा बर्फानी दरबार पिपलिया के साथ ही शहर एवं ग्रामीण अंचलों के शिव मंदिरों में भी भगवान की पूजा, अर्चना एवं अभिषेक करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुँचे.

### सांची में निकाली जगह-जगह भव्य शिव बारात

सांची में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के किन्नर समाज द्वारा भगवान शिव एवं माता पार्वती की भव्य शिवबारात निकाली गई. शोभायात्रा में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया.जानकारी के अनुसार शिवबारात बांके बिहारी स्थित गुरु की कोठी से प्रारंभ हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई बस स्टैंड परिसर पहुंची. यात्रा के दौरान किन्नर समाज के सदस्य श्रद्धा और उल्लास के साथ नृत्य करते हुए चल रहे थे.नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का स्वागत कर धार्मिक आस्था का परिचय दिया.शोभायात्रा का समापन थाना परिसर स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुआ. मंदिर पुजारी द्वारा किन्नर समाज के सदस्यों का भगवा गमछा ओढ़ाकर सम्मान किया गया.इसके पश्चात प्रसादी वितरण किया गया.इस अवसर पर किन्नर समाज की गुरु खुशी शर्मा ने बताया कि समाज द्वारा प्रत्येक वर्ष धार्मिक आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किए जाते हैं और नगर के श्रद्धालुओं का भरपूर सहयोग मिलता है.

### महाशिवरात्रि पर दीपों से जगमगाया मुक्तिधाम

महाशिवरात्रि पर्व पर नगर के लटेरी रोड स्थित मुक्तिधाम पर मोक्ष सेवा समिति के तत्वाधान में समाजसेवियों ने पहुँचकर दीपमाला बनाई. साथ ही मुक्तिधाम परिसर को विधुत रोशनी से सजाकर पूजा, अर्चना एवं महाआरती की गई. मोक्षधाम समिति के सदस्यों ने समूचे परिसर में दीपों की रोशनी से जगमग करते हुये यहां स्थापित देवी देवताओं की पूजा, अर्चना कर सामूहिक आरती की.

### एक नजर में

## अमेरिका से ट्रेड डील का कांग्रेसियों ने किया विरोध

नवभारत न्यूज

सिरोंज, अमेरिका से ट्रेड डील के विरोध में कांग्रेसियों ने गत दिवस पुतला दहन का आयोजन किया गया. इस दौरान प्रशासन ने पानी की बौछार कर कांग्रेसियों को पुतला दहन से रोका गया. इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश यादव ने कहा कि अमेरिका से प्रस्तावित ट्रेड डील देश के किसानों, छोटे व्यापारियों एवं स्थानीय उद्योगों के हितों के खिलाफ है. इससे विदेशी कंपनियों को लाभ बहुत पहुंचेगा. जबकि आम जनता की आजीविका पर संकट और गहराएगा. प्रदर्शनकारियों ने सरकार से मांग की है कि अमेरिका से ट्रेड डील को तत्काल रद्द किया जावे. और छोटे व्यवसायों के हितों की रक्षा की जावे तथा सभी पक्षों से संवाद कर पारदर्शी नीति बनाई जावे.

## 15 सदस्यीय परिषद में अकेली कांग्रेस पार्षद ने उठाई विकास की आवाज

**वार्ड 7 में उपेक्षा का आरोप, चार दिन में काम शुरू नहीं हुआ तो धरने की चेतावनी**

नवभारत न्यूज

**सांची,नगर परिषद सांची की 15 सदस्यीय परिषद में कांग्रेस की एकमात्र पार्षद श्रीमती राधा रवि अहिरवार ने अपने वार्ड 7 में विकास कार्यों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी सीएमओ को ज्ञापन सौंपा है. पार्षद का कहना है कि स्वीकृत कार्यों के बावजूद एक वर्ष से निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किए गए, जिससे वार्डवासी परेशान हैं.**

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वार्ड में तीन सीसी रोड की स्वीकृति मिलने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ. पार्षद ने आरोप लगाया कि अन्य वार्डों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जबकि उनके वार्ड की अनदेखी की जा रही है. उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि चार दिन के भीतर कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो नगर परिषद कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा.पार्षद ने विद्युत विभाग के अधिकारी को भी आवेदन सौंपकर वार्ड में बिजली के खंभे स्थापित कराने की मांग की है, ताकि प्रकाश व्यवस्था बेहतर हो सके और अंधेरे की समस्या से राहत मिले.

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम अहिरवार ने कहा कि सभी वार्डों के निर्माण कार्य एक ही ठेकेदार को दिए गए हैं तथा उसे शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश जारी किए गए हैं.यदि ठेकेदार कार्य में लापरवाही बरतता है तो उसका ठेका निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी.उन्होंने दावा किया कि परिषद सभी वार्डों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करा रही है.वहीं सीएमओ ने बताया कि पार्षद द्वारा दिया गया आवेदन प्राप्त हुआ है और सभी वार्डों में विकास कार्य निर्धारित क्रम के अनुसार किए जा रहे हैं.वार्ड क्रमांक 7 का क्रम आते ही कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा.अब देखना यह है कि परिषद की राजनीति से ऊपर उठकर वार्ड नंबर 7 को विकास की सौगात मिलती है या विरोध का स्वर और मुखर होता है.

## दिव्यांग विद्यार्थियों को मिले सहायक उपकरण

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, जनपद शिक्षा केन्द्र कार्यालय सिरोंज में शनिवार को दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु विकासखंड स्तरीय सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें विधायक उमाकांत शर्मा ने दिव्यांग विद्यार्थियों को आवश्यक सहायक उपकरण वितरित किये गये. इस दौरान दिव्यांग विद्यार्थियों के चेहरे पर मुस्कान दिखाई दी. इस मौके पर नन्हे-मुन्ने बच्चों पर पुष्पवृष्टि उनका स्वागत किया गया. इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण एवं उनको मुख्यधारा से जोड़ने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार निरंतर प्रतिबद्ध है. केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए कई**

**योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है.**

उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि कोई भी प्रतिभा संसाधनों के अभाव में पीछे न रहे. कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे. वही विधायक उमाकांत शर्मा ने जनपद शिक्षा केन्द्र कार्यालय सिरोंज के पास नगर पालिका द्वारा आयोजित करीब 1 करोड़ 13 लाख की राशि से विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन, लोकार्पण किया. इस अवसर पर नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, पार्षद, जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे.

**खेती-किसानी** | **लटेरी फसल विविधीकरण में अव्वल**

# प्राकृतिक व जैविक खेती में सिरोंज अग्रणी

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, जिले में संचालित कृषि रथ अभियान के अंतर्गत 20 जनवरी से 14 फरवरी तक आयोजित गतिविधियों की समीक्षा में विभिन्न विकासखंडों में उल्लेखनीय प्रगति परिलक्षित हुई है. कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के माध्यम से प्राकृतिक खेती, नरवाई प्रबंधन, फसल विविधीकरण एवं विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं का व्यापक क्रियान्वयन किया जा रहा है.**

जिले में जैविक एवं प्राकृतिक खेती के क्षेत्रफल में सिरोंज विकासखंड 239 हेक्टेयर के साथ प्रथम स्थान पर रहा. जबकि कुरवाई में 179 हेक्टेयर, बासौदा में 125 हेक्टेयर एवं लटेरी में 107 हेक्टेयर क्षेत्र में

प्राकृतिक खेती अपनाई गई. सिरोंज क्षेत्र के किसान प्राकृतिक खेती के प्रति अधिक जागरूक हुए हैं. नरवाई प्रबंधन हेतु शपथ लेने वाले किसानों की संख्या में लटेरी 1472 किसानों के साथ प्रथम स्थान पर रहा. वहीं सिरोंज 1464, बासौदा 1461 और विदिशा 1437 भी उल्लेखनीय रहे. यह जिले में पराली प्रबंधन के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है. नरवाई प्रबंधन हेतु उपलब्ध कृषि यंत्रों की संख्या में नटेरन विकासखंड 529 यंत्रों के साथ शीर्ष पर रहा, जबकि कुरवाई में 409, बासौदा में 266 और लटेरी में 251 कृषि यंत्र उपलब्ध रहे. इससे नटेरन में तकनीकी संसाधनों की बेहतर उपलब्धता परिलक्षित होती है. फसल विविधीकरण के क्षेत्रफल में लटेरी विकासखंड 749 हेक्टेयर के साथ प्रथम स्थान पर रहा, जबकि विदिशा 478, कुरवाई 441 और बासौदा 393 भी प्रमुख रहे. इससे स्पष्ट है कि लटेरी क्षेत्र के किसान पारंपरिक फसलों के साथ वैकल्पिक फसलों को भी तेजी से अपना रहे हैं. मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण में नटेरन विकासखंड 1033 कार्ड के साथ अग्रणी रहा. वहीं लटेरी में 1378 कार्ड वितरित किए गए, जो जिले में सर्वाधिक हैं. कुरवाई 966 और सिरोंज 693 भी उल्लेखनीय रहे. इससे किसानों में मृदा परीक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी है.

### क्रेडिट कार्ड में सिरोंज और लटेरी आगे

किसान क्रेडिट कार्ड वितरण में सिरोंज 127 कार्ड के साथ प्रथम स्थान पर रहा. जबकि लटेरी में 69 कार्ड वितरित किए गए. पशु क्रेडिट कार्ड में लटेरी 76 और सिरोंज 73 अग्रणी रहे. सुपर सीडर पंजीयन में लटेरी 42 पंजीयन के साथ शीर्ष पर रहा, जबकि कुरवाई एवं सिरोंज में 27-27 पंजीयन हुए. कलेक्टर श्री गुप्ता ने निर्देश दिए हैं कि जिन विकासखंडों में बेहतर प्रगति हुई है, उनके अनुभवों को अन्य विकासखंडों में भी लागू किया जाए, ताकि जिले के अधिक से अधिक किसान आधुनिक तकनीकों एवं योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें.

## सेंट मैरी पीजी महाविद्यालय में एनसीसी सी सर्टिफिकेट परीक्षा हुई संपन्न

नवभारत न्यूज

**विदिशा, सेंट मैरी पीजी महाविद्यालय में एनसीसी सर्टिफिकेट की परीक्षा कर्नल आशुतोष प्रताप सिंह कमांडिंग ऑफिसर 5 एम पी बटालियन होशंगाबाद के ऑब्जर्वेशन में एवं 14 एमपी बटालियन विदिशा के एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल सनी वैध सर के मार्गदर्शन में संपन्न हुई.**

एनसीसी सी सर्टिफिकेट की परीक्षा दो चरणों में संपन्न हुई प्रथम दिवस प्रैक्टिकल परीक्षा हुई जिसमें ड्रिल टेस्ट, हथियार टेस्ट, एफ सी , बी सी टेस्ट, कम्युनिकेशन टेस्ट , मैप रीडिंग आदि का टेस्ट हुआ द्वितीय दिवस लिखित परीक्षा आयोजित हुई जिसमें 267 एन सीसी कैडेटस शामिल हुए ब्रिगेडियर आशीष रखिए ने सेंट मैरी पीजी महाविद्यालय में औचिक निरीक्षण किया एवं एनसीसी की परीक्षा विधिवत संचालित पाई गई. सेंट मैरी पीजी महाविद्यालय के एनसीसी ऑफिसर कैप्टन डॉक्टर रामानंद मिश्रा ने बताया कि एन सी सी सी सर्टिफिकेट की परीक्षा में विदिशा से एस ए टी आई डिग्री कॉलेज, एस ए टी आई पॉलीटेकनीक, शासकीय पी एम श्री शासकीय कन्या सेंट मैरी पीजी महाविद्यालय, गंजबासौदा के एल बी एस कालेज , एस जी एस कालेज , एग्रीकल्चर कॉलेज सिरोंज से एस जी एस के एनसीसी कैडेट शामिल हुए.

विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.